StudentBounty.com

नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions — 30

No. of Printed Pages — 7

**SS—11—Pol. Sc.**

# उच्च माध्यमिक परीक्षा, 2014
# SENIOR SECONDARY EXAMINATION, 2014
## राजनीति विज्ञान
## POLITICAL SCIENCE

**समय : 3 $\frac{1}{4}$ घण्टे**

**पूर्णांक : 80**

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

*GENERAL INSTRUCTIONS TO THE EXAMINEES :*

1. परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें।

   Candidate must write first his / her Roll No. on the question paper compulsorily.

2. **सभी** प्रश्न करने अनिवार्य हैं।

   *All* the questions are compulsory.

3. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।

   Write the answer to each question in the given answer-book only.

4. जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें।

   For questions having more than one part, the answers to those parts are to be written together in continuity.

5. प्रश्न पत्र के हिन्दी व अंग्रेजी रूपान्तर में किसी प्रकार की त्रुटि / अन्तर / विरोधाभास होने पर हिन्दी भाषा के प्रश्न को सही मानें।

   If there is any error / difference / contradiction in Hindi & English versions of the question paper, the question of Hindi version should be treated valid.

StudentBounty.com



6.

| खण्ड | प्रश्न संख्या | अंक प्रत्येक प्रश्न | उत्तर की शब्द सीमा |
|---|---|---|---|
| अ | 1-9 | 1 | 20 शब्द |
| ब | 10-17 | 2 | 40 शब्द |
| स | 18, 20-27 | 4 | 100 शब्द |
| द | 28-30 | 5 | 150 शब्द |
| **Part** | **Q. Nos.** | **Marks per question** | **Word limit of answer** |
| *A* | 1-9 | 1 | 20 words |
| *B* | 10-17 | 2 | 40 words |
| *C* | 18, 20-27 | 4 | 100 words |
| *D* | 28-30 | 5 | 150 words |

7. प्रश्न संख्या **19** भारत के राजनीतिक मानचित्र से सम्बन्धित है और **4** अंक का है।

   Question No. **19** is related to political map of India and carries **4** marks.

8. प्रश्न क्रमांक **28** से **30** में आंतरिक विकल्प हैं।

   There are internal choices in Question Nos. **28** to **30**.

**खण्ड – अ**

**Part – *A***

1. पूर्व सोवियत संघ से स्वतंत्र हुए राष्ट्रों ने किस संगठन का निर्माण किया ?

   Which organisation was formed by the independent states of former Soviet Union ? 1

2. 'शॉक थेरेपी' से आपका क्या अभिप्राय है ?

   What do you mean by 'Shock Therapy' ? 1

3. 'आतंकवाद के विरुद्ध विश्वव्यापी युद्ध' के अंग के रूप में अमेरिका ने कौन-सा अभियान चलाया ?

   Which operation was launched by America as a part of 'Global war against Terrorism' ? 1

StudentBounty.com



4. पारम्परिक सुरक्षा की धारणा के अन्तर्गत 'अवरोध' का क्या अभिप्राय है ?

What is the meaning of 'deterrence' in the context of traditional security concept ? 1

5. संयुक्त राष्ट्र संघ के पर्यावरण एवं विकास मुद्दे पर केन्द्रित 'पृथ्वी सम्मेलन' में किन्होंने भाग लिया था ?

Who attended 'Earth Summit' organised by UN on environment and development ? ½ + ½

6. भारत विभाजन के समय धार्मिक बहुसंख्यकों के आधार पर विभाजित हुए **दो** प्रान्तों के नाम बताइए।

Name *two* provinces which were bifurcated according to the religious majority at the time of India's partition. 1

7. भारत में निर्वाचन आयोग का गठन कब हुआ ?

When was the Election Commission of India set up ? 1

8. योजना आयोग के सदस्य के रूप में आप भारत की प्रथम पंचवर्षीय योजना में किस क्षेत्र पर बल देते ?

As a member of Planning Commission on which area will you emphasise in First Five-Year Plan of India ? 1

9. शिमला समझौते पर कब व किसने हस्ताक्षर किये ?

When and who signed on Shimla Agreement ? ½ + ½

**खण्ड – ब**

**Part – *B***

10. शीतयुद्ध के दौरान दोनों महाशक्तियों को छोटे देशों ने क्यों आकर्षित किया ? कोई **दो** कारण बताइए।

Why did the smaller countries attract the both super powers during the cold war ? Give any *two* reasons. 1 + 1

11. शीतयुद्ध के दौरान भारत व सोवियत संघ के बीच आर्थिक सम्बन्धों की विवेचना कीजिए।

Explain Indo-Soviet economic relations during the cold war. 2

StudentBounty.com



12. सोवियत संघ के विघटन के कोई **दो** परिणाम स्पष्ट कीजिए।

Explain any *two* consequences of disintegration of Soviet Union. 1 + 1

13. आपकी दृष्टि में बुनियादी तौर पर किसी सरकार के पास युद्ध की स्थिति में कौन-से विकल्प हो सकते हैं ? कोई **दो** स्पष्ट कीजिए।

According to your views which basic options may be used by any government in the threat of war ? Give any *two*. 1 + 1

14. 'साझी सम्पदा' से आपका क्या अभिप्राय है ? आप इसमें किन क्षेत्रों को सम्मिलित करेंगे ?

What do you mean by 'Global Commons' ? Which areas would you like to include in it ? 2

15. आपके मतानुसार 'एकल पार्टी प्रभुत्व' से क्या अभिप्राय है ? भारत में इस स्थिति का कालखण्ड बताइए।

According to your views what is the meaning of 'one party dominance' ? Write the duration of it in India. 1 + 1

16. निम्न को सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| i) | राष्ट्रीय मोर्चा | — | काँग्रेस व क्षेत्रीय दल |
| ii) | संयुक्त मोर्चा | — | भाजपा व क्षेत्रीय दल |
| iii) | राजग | — | काँग्रेस व राष्ट्रीय मोर्चा |
| iv) | संप्रग | — | जनता दल व क्षेत्रीय दल |

Match the following : ½ + ½ + ½ + ½

| | | | |
|---|---|---|---|
| i) | National Front | — | Congress and regional parties |
| ii) | United Front | — | BJP and regional parties |
| iii) | NDA | — | Congress and National Front |
| iv) | UPA | — | Janta Dal and regional parties. |

17. मंडल आयोग के अध्यक्ष कौन थे ? इसकी प्रमुख सिफारिश क्या थी ?

Who was the Chairperson of Mandal Commission ? What was the main recommendation of it ? 1 + 1

StudentBounty.com



**खण्ड – स**

**Part – C**

18. क्यूबा का मिसाइल संकट क्या था ? स्पष्ट कीजिए।

What was the Cuban Missile Crisis ? Explain. 4

19. प्रदत्त भारत के मानचित्र में निम्न को दर्शाइए :

i) **दो** राज्य जहाँ 1967 के विधानसभा चुनाव में काँग्रेस को बहुमत मिला

ii) **दो** राज्य जहाँ 1967 के विधानसभा चुनाव में काँग्रेस को बहुमत नहीं मिला।

Point out the following in the given map of India : 2 + 2

i) *Two* states where Congress got majority in 1967 assembly polls.

ii) *Two* states where Congress did not get majority in 1967 assembly polls.

20. " 'आसियान' तेजी से बढ़ता हुआ एक महत्वपूर्ण क्षेत्रीय संगठन है।" कथन के पक्ष में **चार** तर्क दीजिए।

" 'ASEAN' is rapidly growing to be an important regional organisation." Give any *four* arguments in favour of the statement. 1 + 1 + 1 + 1

21. आपके मतानुसार एक स्वतंत्र देश स्वयं को 'वर्चस्व' के प्रभाव से कैसे बचा सकता है ? कोई **चार** सुझाव दीजिए।

According to your views how can an independent country get itself beyond the impact of 'Hegemony' ? Give any *four* suggestions.

1 + 1 + 1 + 1

22. क्या आप इस बात से सहमत हैं कि संयुक्त राष्ट्र संघ जैसा अन्तरराष्ट्रीय संगठन पूरे विश्व के लिए अपरिहार्य है ? अपने उत्तर के पक्ष में कोई **चार** कारण स्पष्ट कीजिए।

Do you agree that the international organisation like UNO is essential for whole world ? Give any *four* reasons in favour of your answer.

1 + 1 + 1 + 1

23. वैश्वीकरण ने विश्व की राज व्यवस्थाओं को प्रभावित किया है। आपके मतानुसार कोई **चार** प्रभावों की विवेचना कीजिए।

Globalisation effected the political systems of the world. Explain any *four* effects according to your views. 1 + 1 + 1 + 1

StudentBounty.com



24. भारत में मणिपुर के विलय को स्पष्ट कीजिए।

Explain the merger of Manipur in India. 4

25. ''नियोजन के शुरुआती दौर में 'कृषि बनाम उद्योग' का विवाद रहा।'' इस कथन को स्पष्ट कीजिए।

"At the beginning of Planning there was a controversy like 'agriculture versus industry'." Explain the statement. 4

26. बांग्लादेश युद्ध, 1971 पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

Write a short note on Bangladesh War, 1971. 4

27. ''भारत में पूर्वोत्तर की क्षेत्रीय आकांक्षा स्वायत्तता की माँग रही है।'' इस कथन की विवेचना कीजिए।

"The regional aspiration of North-East is a demand for autonomy in India." Explain the statement. 4

**खण्ड – द**

**Part – *D***

28. दक्षिण एशियाई देश पाकिस्तान प्रजातान्त्रिक व्यवस्था को लगातार स्थापित क्यों नहीं रख सका ? स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

दक्षिण एशिया में शान्ति एवं सहयोग हेतु किये गये प्रयासों की विवेचना कीजिए।

Why did one South Asian country, Pakistan could not establish democratic set-up continuously ? Explain. 5

OR

Explain the efforts taken in South Asia for peace and cooperation. 5

StudentBounty.com



29. 1975 में आंतरिक आपातकाल क्यों घोषित किया गया ? इस दौरान कौन-से परिणाम महसूस किये गये ? स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

निम्न बिन्दुओं का वर्णन आपातकाल, 1975 की पृष्ठभूमि के संदर्भ में कीजिए :

अ) गुजरात व बिहार आन्दोलन

ब) सरकार व न्यायपालिका में संघर्ष।

Why was internal emergency declared in 1975 ? What consequences were felt during the time of Emergency ? Explain.

2½ + 2½

OR

Describe the following points in context of the background to the emergency, 1975 :

a) Gujarat and Bihar movement

b) Conflict between judiciary & government. 2½ + 2½

30. 'नर्मदा बचाओ आन्दोलन' की विवेचना कीजिए।

**अथवा**

ताड़ी विरोधी आन्दोलन से आपका क्या अभिप्राय है ? विवेचना करें।

Explain 'Narmada Bachao Andolan'. 5

OR

What do you mean by Anti-Arrack Movement ? Explain. 5

StudentBounty.com

नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

**SS—11—Pol. Sc.**

# उच्च माध्यमिक परीक्षा, 2014

# SENIOR SECONDARY EXAMINATION, 2014

**Subject : POLITICAL SCIENCE**

